भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
DIGITAL - EPAPER
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 86 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 12 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# ब्ल्यूटूथ से नकल कर कोर्ट मे नौकरी हासिल करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

ब्लूटूथ के जरिए प्रतियोगी परीक्षा में नकल कर सफल होकर कोर्ट में कनिष्ठ सहायक बाबू की नौकरी हासिल करने वाले दो युवकों को एटीएस एवं एसओजी ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया ।

एटीएस और एसओजी अतिरिक्त महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा कनिष्ठ न्यायिक सहायक लिपिक ग्रेड द्वितीय एवं लिपि ग्रेड द्वितीय के पदों पर सीधी भर्ती हेतु संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2022 दिनांक 12 मार्च 2023 एवं 19 मार्च 2023 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में राम प्रकाश जाट पुत्र राधा किशन जाट निवासी गोटिया वास नीमड़ी चांदावता पुलिस थाना कुचेरा जिला नागौर ने 19 मार्च को परीक्षा केंद्र श्री



विजयन डी सुरी जैन विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल नागौर में परीक्षा दी थी। इस परीक्षा के दौरान संगठित नकल गिरोह के मुख्य आरोपी पौरव कालेर पुत्र ओमप्रकाश कालेर जाति जाट निवासी रामपुर पुलिस थाना छापर जिला चूरु द्वारा सालासर से मोबाइल फोन के जरिए राम प्रकाश जाट से 4 लाख रुपए लेकर नकल कराई थी , इस नकल के कारण भर्ती प्रतियोगी परीक्षा में



चयनित होकर राम प्रकाश वर्तमान में पोक्सो कोर्ट क्रम संख्या एक उदयपुर में पदस्थापित था और अपनी गिरफ्तारी के डर से पिछले 7 माह से फरार चल रहा था जिसे गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

इसी तरह इसी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा में सुनील पुत्र मदन लाल बिश्नोई 25 साल निवासी वार्ड नंबर 33 बिजली बोर्ड के पास रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने भी 12 मार्च को परीक्षा केंद्र श्री नेहरू मेमोरियल चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल हनुमानगढ़ में परीक्षा दी थी और परीक्षा के दौरान नकल गिरोह के मुख्य आरोपी पौरव कालेर पुत्र ओमप्रकाश कालेर ने सुनील बिश्नोई से 4 लाख रुपए लेकर ब्लूटूथ डिवाइस से प्रश्न पत्र के उत्तर की सालासर से नकल करवाई थी और वह इस नकल के कारण परीक्षा में सुनील कुमार विश्नोई सफल रहा और चयनित पोकर वर्तमान में जिला एवं सेशन न्यायालय जिला हनुमानगढ़ में पद स्थापित था और अपनी गिरफ्तारी के डर से वह पिछले 6 माह से फरार चल रहा था जिसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। यह सारा खुलासा संगठित नकल गिरोह के मुख्य सरगना पौरव कालेर की गिरफ्तारी और उससे पूछताछ के बाद हुआ है।

# एसीबी का श्रम विभाग पर शिकंजा, अधिकारी व एजेंट 33 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



भीलवाड़ा : एसीबी द्वारा गिरफ्तार रिश्वतखोर



भीलवाड़ाः श्रम विभाग में जाँच के दौरान एसीबी टीम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्रम विभाग में एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार को अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी और प्राइवेट एजेंट अशोककुमार आचार्य को 33 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए डिटेन किया। कार्रवाई की खबर फैलते ही विभागीय कर्मचारियों में खलबली मच गई।

जानकारी के अनुसार सरदार नगर निवासी मोइनुद्दीन खां ने शिकायत दी थी कि उनकी सास फरीदा बेगम के डैथ क्लेम से जुड़ी एफडीआर समय से छुड़वाने के बदले अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र लखारा द्वारा 40 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही थी। वही प्राइवेट एजेंट आचार्य ने भी 10 हजार रुपये की मांग की थी। सत्यापन के बाद डीएसपी पारस पंवार के नेतृत्व में ट्रैप योजना बनाई गई। परियादी से तय राशि दिलवाने के बाद एसीबी टीम ने अशोक आचार्य को रकम स्वीकार करते हुए पकड़ लिया। बताया गया कि आचार्य ने रकम लेकर लखारा के कार्यालय की आलमारी में रख दी थी। टीम ने छापा मारकर पैसे बरामद किए और दोनों को हिरासत में लिया। एसीबी की टीम फिलहाल मामले की जांच में जुटी है ।

# वर्दी पर वार' - मांडलगढ़ में पुलिस पर हमला

## चेनपुरिया गांव में विवाद सुलझाने गए जवानों को पीटा, वर्दी फाड़ी; एक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए कि उन्होंने सरेआम दो पुलिसकर्मियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। वारदात गुरुवार रात को श्यामगढ़ पंचायत के चेनपुरिया गांव में उस समय हुई, जब पुलिसकर्मी पति-पत्नी के झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। बदमाशों ने न केवल दोनों पर हमला किया, बल्कि उनकी वर्दी भी फाड़ दी।

जानकारी के अनुसार, चेनपुरिया गांव में घरेलू विवाद की सूचना मिलने पर मांडलगढ़ थाने से हेडकांस्टेबल प्रह्लाद कुमार और चालक गोपाल जाट मौके पर पहुंचे। तभी समझाइश के दौरान एक युवक बहस करने लगा और पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ा । हमले में दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस दौरान हमलावर ने मारपीट के दौरान पुलिसकर्मियों की वर्दी भी फाड़ दी। सूचना पर मांडलगढ़ थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को काबू में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी उदयसिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य आरोपियों की



प्रतीकात्मक इमेज

तलाश की जा रही है।

पुलिस ने हमले के संबंध में संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, दो मासूम भाइयों पर टूटा दुखों का पहाड़ , भविष्य पर छाया संकट



मृतक



बिजोलिया : मृतक अशोक के साथ छोटे भाई

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

नगर के नजदीक गुरुवार को हुए सड़क हादसे ने राणा जी का गुढ़ा गांव के परिवार से उसका आखिरी सहारा छीन लिया। अशोक मीणा (27) की मौत की खबर मिलते ही गांव में सन्नाटा छा गया और घर पर कोहराम मच गया। पहले ही माता-पिता और बड़े भाई को खो चुका यह परिवार अब अपने इकलौते सहारे से भी वंचित हो गया। अशोक अपने छोटे भाइयों अरविंद (16) और मिंकु (14) के लिए सिर्फ भाई नहीं, बल्कि पिता का साया और मां का सहारा था। दोनों कस्बे के राजकीय विद्यालय में पढ़ते हैं। बड़े भाई की असमय मौत से मासूमों के सिर से सुरक्षा का हाथ उठ गया और घर की जिम्मेदारी अधर में लटक गई।

हैड कांस्टेबल दल्ला राम ने बताया कि अशोक मीणा, पुत्र सुगनलाल मीणा, गुरुवार दोपहर शक्करगढ़ से बिजोलिया लौट रहा था । इस दौरान बिजली विभाग के ग्रिड के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया । सूचना पर उसे अस्पताल लाए , जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

अशोक लंबे समय से कस्बे में बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड फाइबर सेवाओं में तकनीकी कर्मचारी के रूप में कार्यरत था और परिवार की सारी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। गांव में हर आँखे नम है, लोग कह रहे हैं कि हादसे ने गरीब परिवार की कमर तोड़ दी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस अनाथ हुए परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि दोनों भाइयों की पढ़ाई और भविष्य सुरक्षित रह सके।

# फिल्मी अंदाज़ में हनीट्रैपः भीलवाड़ा पुलिस ने गैंग का किया भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

## पंचायत टेंडर दिलाने के बहाने फंसाया, पीड़ित से 5.5 लाख ठगे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में फिल्मी अंदाज़ में लोगों को फंसाकर लाखों रुपये ऐंठने वाले हनीट्रैप गैंग का पुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। थाना पुलिस व डीएसटी टीम की संयुक्त कार्रवाई में गैंग के मास्टरमाइंड शेरू माली समेत पांच आरोपी पकड़े गए। आरोपियों का तरीका इतना योजनाबद्ध था कि वे फोन कॉल और मीठी बातों के जरिए शिकार को जाल में फंसाते, फिर सुनसान जगह ले जाकर मारपीट कर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बनाते और बदनामी की धमकी देकर भारी रकम वसूलते थे।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि 11 सितम्बर को एक व्यक्ति ने पुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो माह पहले एक महिला ने पंचायत टेंडर के बहाने उससे संपर्क किया और सुवाणा बुलाया। वहां दो युवतियों ने उसे कागजात पर हस्ताक्षर कराने के बहाने सर्विस रोड पर ले जाकर फंसा लिया। अचानक दो मोटरसाइकिलों पर आए चार युवक उसकी कार के आगे रुक



गए और उसे पीटते हुए पास की पत्थर खान में ले गए। वहां आरोपियों ने उसके कपड़े उतरवाकर युवती के साथ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाए तथा 10 लाख रुपये की मांग की। डर के कारण पीड़ित ने साढ़े पांच लाख रुपये दे दिए, लेकिन बाकी रकम के लिए लगातार धमकियां मिलती रहीं। शिकायत पर पुर थाना प्रभारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

तकनीकी व परंपरागत पुलिसिंग के जरिए पुलिस ने सरगना शेरू माली पुत्र लादुराम माली, उम्र 27 वर्ष, निवासी सुभाषनगर, हाल किरायेदार 200 फीट रोड, प्रतापनगर, कैलाश जाट पुत्र नारायण जाट, उम्र 29 वर्ष, निवासी भाखलिया, बागौर,, पियूष दमामी पुत्र पप्पू दमामी, उम्र 20 वर्ष, निवासी मंडपिया, मंगरोप, निर्मला उर्फ निधि पुत्री चावंड सिंह चुण्डावत, उम्र 22 वर्ष, निवासी नांदसा, गंगापुर, हाल श्रीजी कॉलोनी, पुर और नीतू पुत्री किशनलाल हरिजन, उम्र 22 वर्ष, निवासी, बागौर, हाल 200 फीट रोड, प्रतापनगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कई अन्य वारदातों को भी स्वीकार किया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शेरू माली के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार और मारपीट जैसे छह गंभीर प्रकरण पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य साथियों और पुराने मामलों की जांच कर रही है।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## बनास नदी पुलिया पर बड़ा हादसा, बाइक सहित तीन युवक बहे , दो को बचाया, एक लापता

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला




चैनपुरा-अमरपुरा के निकट गुरवार रात को बनास नदी पुलिया पर पानी के तेज बहाव में बाइक सहित तीन युवक बह गए। इस दौरान पानी में युवकों को बहता देखे मौके पर मौजूद लोगों ने दो युवकों की तो जान बचा ली लेकिन एक युवक बह गया।

जानकारी के अनुसार शाहपुरा निवासी कैलाश (36) पुत्र भैरूलाल खटीक, निर्मल (27) पुत्र दुर्गालाल खटीक तथा पारोली निवासी गोरु (26) पुत्र कैलाश हरिजन बिजोलिया के आरोली गांव से पारोली लौट रहे थे। तभी पुलिया पार करते समय पानी के तेज बहाव में बाइक सहित तीनों बह गए। इस दौरान लोगों ने निर्मल खटीक और गोरु हरिजन को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन कैलाश खटीक बाइक सहित बहाव में बह गया। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक नीलामी ठेका कार्य में भाग लेकर लौट रहे थे। लापता कैलाश खटीक पारोली में ही रहकर कबाड़ का काम करता था।

हादसे की सूचना मिलते ही पारोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अधिकारी प्रभाती लाल मीणा ने बताया कि लापता युवक की तलाश जारी है। गोताखोरों को बुलाया गया है, हालांकि रात के अंधेरे और तेज बहाव के चलते तलाशी अभियान शुक्रवार सुबह शुरू होगा ।

# खारी नदी में नहाने गए तीन किशोर डूबे, दो को ग्रामीणों ने बचाया, एक की तलाश जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





जिले के शंभूगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर खारी नदी में नहाने गए तीन किशोर गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों की सतर्कता से दो को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि तीसरा देर शाम तक लापता रहा। पुलिस और ग्रामीणों ने काफी देर तक तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया।

जानकारी के अनुसार जयसिंहपुरा गांव के तीन छात्र गुरवार दोपहर घर से ट्यूशन जाने की बात कहकर निकले थे। रास्ते में उन्होंने खारी नदी में नहाने का तय किया और पानी में उतर गए। इस दौरान वे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर पास के खेत में काम कर रहे बारनी गांव के युवक जीवण गुर्जर और राहुल गुर्जर मदद के लिए दौड़े। उन्होंने साहस दिखाते हुए नदी में कूदकर प्रकाश गुर्जर (14) और पारस भील (15) को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

तीसरा किशोर सुशील मेघवंशी (15) पानी में बह गया। सूचना मिलने पर शंभूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ देर शाम तक उसकी तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। पुलिस ने एसडीआरएफ टीम को सूचना दी है, जो शुक्रवार सुबह फिर से रेस्क्यू शुरू करेगी।

## कोटड़ी में डंपर की टक्कर से दंपति गंभीर घायल, ईको कार का शीशा भी टूटा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



**( दिनेश पारीक)** कस्बे में गुरवार सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बिजली विभाग कार्यालय के पास हुई, जब तेज रफ्तार डंपर ने सामने चल रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद डंपर का टायर फटने से निकले कंकर पीछे आ रही ईको कार के शीशे से टकरा गए, जिससे शीशा टूट गया और कार सवार दो लोगों को हल्की चोटें आईं।

कोटड़ी थाने के दीवान रणजीत सिंह ने बताया कि हादसे में ढोलकिया निवासी गोमा बेरवा (45) पुत्र भेरू बेरवा और उनकी पत्नी मश्री बेरवा (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों को तुरंत कोटड़ी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डंपर चालकों की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## जहाजपुर में कांग्रेस के 35 से अधिक जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**पेसवानी** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासोन्मुखी नीतियों से प्रभावित होकर जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के 35 से अधिक कांग्रेस से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का दामन थाम लिया। जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में विधायक गोपीचंद मीणा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने सभी को भाजपा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। शामिल होने वालों में सरपंच भैरूलाल गुर्जर, प्रेमशंकर गुर्जर, उदयलाल गुर्जर, भंवरलाल गुर्जर, सीताराम गुर्जर, जमनालाल गुर्जर सहित कई प्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यह जुड़ाव संगठन को नई ऊर्जा देगा और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। मुकेश पारीक ने इसे प्रधानमंत्री की नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रमाण बताया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता सुरेश गर्ग, विक्रम सिंह गुर्जर, एसके शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि भाजपा में शामिल होकर सभी प्रतिनिधि विकास और जनता की सेवा के संकल्प को मजबूत करेंगे।

## कुंडेश्वर महादेव मंदिर में नंदी की मूर्ति खंडित, ग्रामीणों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ बरूंदनी





कस्बा स्थित कुंडेश्वर महादेव मंदिर में अज्ञात लोगों द्वारा नंदी की मूर्ति खंडित करने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीण घनश्याम तेली ने बताया कि सुबह वह मंदिर दर्शन के लिए पंहुचा तो नंदी की मूर्ति टूटी मिली। पार्वती की प्रतिमा को कुंड में फेंका हुआ था, वहीं पास स्थित हनुमानजी की मूर्ति के समीप पूजा सामग्री और गोठा भी कुंड में डाला हुआ था । घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र होकर पुलिस चौकी पहुंचे और आरोपियों को शीघ्र पकड़ने की मांग की। एएसआई सत्यनारायण वैष्णव ने जाब्ते के साथ मौके पर पंहुच , मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और अपराधियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। इस मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, गौतम तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के शिवकुमार भट्ट, गोविंद पालीवाल, बसंतीलाल सोनी, शिव अहीर, लादूलाल वैष्णव सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कंवलियास में दिखा अजगर, लोगों में दहशत, रेस्क्यू किया

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**( सांवर वैष्णव ):-** सवाईपुर क्षेत्र के कंवलियास गांव में बीती रात को अजगर आने से लोगों में दहशत फैल गई । सुचना पर पहुंची कोटड़ी वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू किया । ग्रामीण गणेश मल शर्मा ने बताया कि बुधवार रात्रि को गांव के पास जंगल में एक अजगर दिखाई दिया । जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए , ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोटड़ी वन विभाग की टीम को दी । सुचना पर कार्यवाहक वनपाल कमलेश कुमार रेगर मौके पर पहुंचे । जहा करीब पांच फीट लम्बे अजगर का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया ।।

## 447 किलो डोडा चूरा बरामद, स्कॉर्पियो कार जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने गुरुवार अल सुबह बड़ी कार्रवाई की। मंगरोप थाना पुलिस और वृत्त सदर टीम ने संयुक्त अभियान में 24 प्लास्टिक के कट्टों में भरे 446.950 किलो डोडा चूरा बरामद किया। मौके से तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि उनकी स्कॉर्पियो कार को पुलिस ने जब्त कर लिया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुरवार सुबह मंगरोप के एनएच-48 पर गुवारड़ी नाले के पास पुलिस को गश्त के दौरान एक सफेद स्कॉर्पियो खड़ी हुई मिली , जहा तस्कर ने पुलिस वाहन को देखकर अचानक वाहन रोका और चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। वाहन संदिग्ध लगने पर सीओ माधव उपाध्याय व पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। तलाशी लेने पर स्कॉर्पियो के पिछले हिस्से में सीटों के बजाय काले रंग के प्लास्टिक कट्टे भरे मिले। इन्हें खोलने पर उनमें अफीम डोडा चूरा पाया गया। पुलिस ने मौके से कुल 24 कट्टे बरामद कर उनका वजन करवाया, जो 446.950 किलो निकला। बरामद मादक पदार्थ और स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना मंगरोप में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## नेशनल हाईवे 27 पर मेनाल में हादसा, अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर युवक की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



**( मानव तिवाड़ी)** - भीलवाड़ा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से युवक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पंहुचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान केरखेड़ा निवासी शक्तिसिंह (33) पुत्र पप्पू सिंह पंवार के रूप में हुई है। मृतक बिजोलिया में एक कार कंपनी में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत था। बुधवार को काम से लौटते समय रात करीब 10 बजे के आसपास मेनाल के निकट उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शक्तिसिंह बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और उन्हें मांडलगढ़ उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। युवक की असामयिक मौत से गांव में शोक का माहौल है।



## QUICK BITES

### छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम, श्यामगढ़ में जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामगढ़ में आयोजित 17 व 19 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग की 69वीं जिला स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व और अनुशासन की सीख दी। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल से दूरी बनाकर स्वाध्याय पर ध्यान देने की भी अपील की।

प्रतियोगिता में 17 वर्ष छात्र और छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़वालों का खेड़ा प्रथम रहा। 19 वर्ष छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराणा और छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दुल्हेपुरा की टीम विजेता बनी।

प्रधानाचार्य रतनलाल खटीक ने चार दिवसीय आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संयोजक ओमप्रकाश पंचोली ने अतिथियों का स्वागत किया। विजेता टीमों, निर्णायकों और सहयोगियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता दीपशिखा धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि सूरजमल गुर्जर, जीएसएस अध्यक्ष सांवता गुर्जर, उपसरपंच ओमप्रकाश दरोगा सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक लादूलाल तेली ने किया।

### सावर के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री निवास में सौंपा ज्ञापन, पुलिया और स्वास्थ्य केंद्र की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



उपखंड क्षेत्र के चिकल्या और लोधा झोपड़ा गांवों के ग्रामीण गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास, जयपुर पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर गांव में स्थायी पुलिया निर्माण और राजकीय उप-स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में बिसुंदनी और नाहरसागर द्वितीय बांध का जलस्तर बढ़ने से रास्ते जलमग्न हो जाते हैं, जिससे पीपलाज, गोरधा और किड्वा झोपड़ा मार्ग बंद हो जाता है और आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है।

ज्ञापन में कहा गया कि इस स्थिति के कारण गर्भवती महिलाएं, बीमार और वृद्धजन गंभीर कठिनाइयों का सामना करते हैं। लगभग 1500 की आबादी और 500 से अधिक मतदाताओं वाले इन गांवों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शीघ्र संज्ञान लेकर इस संवेदनशील समस्या का समाधान करेंगे। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य शंकर मीणा, देबी लाल लोधा, रामचरण मीणा, भंवर कुमावत, जयसिंह मीणा, बाबुलाल मीणा, अशोक कुमार, मुकेश मीणा सहित कई लोग मौजूद रहे ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# जलभराव और टूटी सड़कों से नाराज़ नागरिक, यूआईटी में डमरू-मंजीरे बजाकर जताया विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**(पंकज पोरवाल)** शहर में नालों पर अतिक्रमण, टूटी सड़कों और बरसात में जलभराव से परेशान नागरिकों ने गुरुवार को नगर विकास न्यास यूआईटी कार्यालय पर अनोखा प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक व कांग्रेस नेता मनोज पालीवाल के नेतृत्व में लोगों ने डमरू-मंजीरे बजाकर अधिकारियों का ध्यान खींचा। उनका कहना था कि हमारी आवाज अफसरों तक नहीं पहुंचती, इसलिए आज हमने उन्हें जगाने का यह तरीका अपनाया।

नागरिकों ने आरोप लगाया कि शहर की सड़कें बदहाल हैं, नालों पर कब्जा है और बरसात में हालात बिगड़ जाते हैं। पारीक ने कहा कि प्राइवेट कॉलोनाइजर कॉलोनियां बनाकर छोड़ गए, लेकिन उनकी



देखरेख की जिम्मेदारी यूआईटी की है। पालीवाल ने दीपावली से पहले सभी सड़कों की मरम्मत की मांग की।

यूआईटी सचिव ने सड़कों को दुरुस्त करने व नालों से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। विरोध में संदीप टेलर, कुंदन शर्मा, अतुल सुराणा, योगिता सुराणा, दुर्गेश सुवालका, कन्हैयालाल वैष्णव, पिंकी सुवालका सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

# पूर्व जिला प्रमुख धाकड़ बोले मोबाइल का फोबिया बच्चों के लिए घातक

## 14 वर्षीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां

**नरेश धाकड़ / विकास जैन**

हर अच्छी चीज़ के साथ बुरी बात भी जुड़ी होती है, मोबाइल आधुनिक तकनीक का अहम साधन है, लेकिन आज हर कोई मोबाइल फोबिया से ग्रसित है। यह विद्यार्थियों के लिए घातक साबित हो रहा है। माता-पिता व शिक्षक बच्चों को मोबाइल की लत से बचाएं।

यह बात पूर्व जिला प्रमुख एवं इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ ने गुरुवार को चांद जी की खेड़ी स्थित राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित 14 वर्षीय छात्र-छात्रा वर्ग की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही। उन्होंने खेलों को शारीरिक व मानसिक विकास का आधार बताते हुए बच्चों को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए



प्रेरित किया।

समारोह की अध्यक्षता पंचायत समिति बिजौलियां की प्रधान आशा कुमारी भील ने की, जबकि धाकड़ महासभा की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ विशिष्ट अतिथि के तोर पर शामिल हुई । दीपशिखा ने बाल्यावस्था से ही खेलों को बच्चों के विकास के लिए जरूरी बताया। उन्होंने विवेक-सुषमा धाकड़ चैरिटेबल ट्रस्ट की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में थड़ोदा की टीम ने प्रथम, जित्या की खेड़ी ने द्वितीय तथा विनायक पब्लिक स्कूल बड़ा महुआ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में रा.उ.प्रा.वि. कंकरोलिया घाटी प्रथम, महेश विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल मांडल द्वितीय तथा रा.उ.मा.वि. महुआ तृतीय स्थान पर रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान किए।

आयोजन में सहयोग करने वाले भामाशाहों व स्वयंसेवकों का सम्मान किया गया। सरपंच मोहनलाल धाकड़ और प्रधानाध्यापक गोपाललाल धकड़ोलिया का विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। ग्रामवासियों ने निर्णायकों और व्यवस्था संभालने वाले शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस मौके पर उपप्रधान कैलाश धाकड़, किसान पंचायत अध्यक्ष नारायणलाल, पंचायत समिति सदस्य मांगीलाल धाकड़, धापू देवी, राकेश गोखरु, कांता देवी धाकड़, जयलाल बलाई, सुखपुरा सरपंच पाचुलाल भील, गोपालपुरा सरपंच रामलाल धाकड़, ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष प्रतापसिंह, पूर्व सरपंच दुर्गालाल बलाई, गीता देवी धाकड़, जमनी देवी भील, उप सरपंच वीरेंद्र धाकड़, शंकरलाल धाकड़, मुख्य सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# मॉडल स्कूल के छात्रों ने खेल और कला में दिलाया गौरव , हुआ सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

शहर के मॉडल विद्यालय के छात्रों ने हाल ही में विभिन्न खेल और कला प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जिसपर विद्यालय द्वारा सभी छात्रों का सम्मान किया गया । स्विमिंग में निकिता चौधरी ने 50, 100 और 200 मीटर बैक स्ट्रोक में गोल्ड मेडल जीतकर बेस्ट स्विमर का खिताब हासिल किया।



तन्मय चौधरी ने 50 मीटर में गोल्ड और 100 व 200 मीटर में सिल्वर मेडल, साथ ही रिले में भी सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं, प्रिंस खारोल, सूरज जाट और मयंक खटीक ने रिले में सिल्वर मेडल हासिल कर विद्यालय की टीम को सफलता दिलाई। महिलाओं की स्पर्धा में कल्पना कहार ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल में सिल्वर और 200 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल, जबकि लक्षिता माली ने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में सिल्वर और 100 मीटर में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय का परचम फहराया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों का विद्यालय में अभिनंदन किया गया। स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, सुवाणा में आयोजित कला उत्सव में हार्दिक माहेश्वरी ने संगीत वादन में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर चयनित होकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# भारी बारिश से किसान परेशान, आरएलपी युवा मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

क्षेत्र में हाल ही में हुई लगातार भारी बारिश से किसानों की फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं, जिससे उनकी आजीविका और पशुपालन पर गंभीर संकट पैदा हो गया है। इस पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री राजेन्द्र नाहरगढ़, ब्लॉक नेता कमलेश भूकर, जिला परिषद सदस्य अंबालाल जाट और पंचायत समिति सदस्य कालू लाल अहीर के नेतृत्व में किसानों ने कोटड़ी उपखंड मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों ने मांग की कि खराब फसलों की गिरदावरी जल्द करवाई जाए और अधिकारियों को सही आंकलन सुनिश्चित करने का आदेश दिया जाए।

किसानों ने पिछले वर्ष के मुआवजे की बकाया राशि तुरंत उनके खातों में देने और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत किए गए नल कनेक्शन में कथित घोटाले की जांच कराने और टूटे हुए सड़कों की मरम्मत करने की भी मांग की गई।

किसानों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को 10 दिन के भीतर नहीं माना गया, तो वे मजबूरन उग्र



आंदोलन पर उतरेंगे। इस दौरान श्याम लाल कीर, बन्नालाल जीवा खेड़ा, दुर्गेश भाट, सत्तूलाल मंशा, शंकर बैरवा, अनिल सुथार, भागचंद भंडारी, सांवरमल किशनगढ़, जगदीश जाट, हरिलाल होलिरड़ा, लोकेश केशर, नारायण तेली, देवराज जाट, गोपाल लाल, किशन लाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# धीरज गुर्जर ने जहाजपुर में दी चेतावनी , सरकार ने राहत नहीं दी तो होगा उग्र आंदोलन

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

अतिवृष्टि से बर्बाद हुई फसल और आमजन की समस्याओं को लेकर कांग्रेस 19 सितम्बर को भीलवाड़ा में बड़ा फसल मुआवजा जन अधिकार आंदोलन करेगी। गुरुवार को जहाजपुर के लंका मुखी मंदिर प्रांगण में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि यह संघर्ष किसानों, युवाओं और आम जनता के हक की आवाज है। उन्होंने जहाजपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से



अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं।

बैठक में सैकड़ों की तादाद में ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। गुर्जर ने कहा कि अतिवृष्टि से जिलेभर में फसलें चौपट हो गई हैं, लेकिन किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाया है। पिछली फसल का बकाया भुगतान भी अटका हुआ है। उन्होंने पंचायत परिसमन में निष्पक्षता, जर्जर विद्यालय भवनों के मरम्मत कार्य और भीलवाड़ा शहर में घटिया सीवरेज निर्माण से हो रही परेशानियों को लेकर भी सरकार को घेरने का आह्वान किया।

गुर्जर ने बताया कि आंदोलन 19 सितम्बर को सुबह 10 बजे श्री खटीक छात्रावास, अहिंसा सर्किल, भीलवाड़ा से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि जहाजपुर से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और किसानों को इसमें शामिल होना चाहिए, ताकि सरकार तक क्षेत्र की आवाज़ मजबूती से पहुंच सके।

# नागपुर में 17-18 जनवरी को होगा संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महासम्मेलन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

नागपुर में संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महासम्मेलन का भव्य आयोजन आगामी वर्ष में 17-18 जनवरी को होगा। समाज की प्रगति, उन्नति और संगठन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से इस आयोजन का जिम्मा नामदेव सेवा समिति बिजौलिया ने संभाला है।

समिति अध्यक्ष भास्कर टोपे, मुख्य संयोजक ईश्वर धिरडे, मुख्य समन्वयक अनंत जागजोड़ एवं अनिल माहेश्वरी ने बताया



कि यह महासम्मेलन समाज में नई दिशा और ऊर्जा का संचार करेगा।

इसको लेकर गुरुवार को नगर में आयोजित हुई चर्चा में अखिल भारतीय नामदेव टाक क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अभिषेक सर्वा, नामदेव सेवा समिति अध्यक्ष अनिल टेलर, दर्जी महासभा प्रदेश मंत्री दीपक टेलर, कन्हैयालाल, बबलू , सत्यनारायण टेलर, घनश्याम टेलर, जयनारायण टेलर, ओमप्रकाश, नवीन, दिनेश, दिनदयाल, सुनील, विजय सागर, प्रह्लाद, बालकिशन, ब्रजमोहन व नवीन टेलर सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, किसानों की मदद व सड़क सुधार की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

विधानसभा क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भारी वर्षा से चौपट हुई फसलों के मुआवजे, सांगानेर मंडल स्टेट हाईवे की मरम्मत और स्थानीय वासिंदों व किसानों के लिए टोल-मुक्त मार्ग की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि उड़द, मूंग, मक्का, तिल, ज्वार, कपास जैसी प्रमुख फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं और किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ गया है। इसके अलावा पशुपालक



चारे की कमी से जूझ रहे हैं और बरसात से प्रभावित मकानों में राहत की आवश्यकता है।

ज्ञापन में किसानों की गिरदावरी कर बीमा क्लेम दिलाने, विशेष आपदा अनुदान लागू करने, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, केसीसी ऋण और सिंचाई बिजली बिल माफ करने, पशुपालकों को निःशुल्क आहार उपलब्ध कराने और प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुँचाने की मांग की गई ।

इस अवसर पर पीसीसी सदस्य संदीप महावीर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला महासचिव रामेश्वर सोलंकी सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## QUICK BITES

### सीएचसी परिसर में अवैध केबिन लगाई, प्रभारी ने कार्रवाई की मांग की

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



**( दिनेश पारीक)** - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बिना अनुमति अवैध केबिन लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है, जब ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुछ लोग केबिन लाकर अस्पताल परिसर में रख गए।

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी ने बताया कि पूछताछ करने पर पता चला कि यह कार्य किसी भी अधिकृत अधिकारी की अनुमति के बिना किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि सरकारी परिसर में इस तरह के ढांचे लगाना नियमों के खिलाफ है और इससे स्टाफ व मरीजों को असुविधा होती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी ने उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर अवैध केबिन को तत्काल हटाने और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है।

### बारिश से बने गड्ढों को स्थानीय लोगों ने जेसीबी से भरवाया, सड़क सुरक्षा पर ध्यान देने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

चौधरी पेट्रोल पंप के पास शाहपुरा-भीलवाड़ा मार्ग पर हाल ही में हुई बारिश से करीब एक - एक फीट गहरे बड़े गड्ढे बन गए, जिनमें पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया। दुकानदारों ने बताया कि कई बार प्रशासन को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि इस मार्ग से टोल वसूली लाखों रुपए में होती है। इस गंभीर स्थिति के



समाधान के लिए स्थानीय बंटी शर्मा और उनकी टीम ने सामूहिक धनराशि जुटाकर जेसीबी से गड्ढों को भरवाया और कंक्रीट डालकर सुरक्षित मार्ग तैयार कराया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन से सड़क की स्थायी मरम्मत और सुधार की मांग की।

# विधानसभा में 'जासूसी कैमरे' का विवाद गहराया, मामला राज्यपाल तक पहुंचा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

विधानसभा में विपक्ष की ओर अतिरिक्त कैमरे लगाकर जासूसी किए जाने के आरोप ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अगुवाई में कांग्रेस विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मुलाकात की। उन्होंने पूरे मामले की जांच के लिए संयुक्त समिति गठित करने और जांच पूरी होने तक विधानसभा परिसर को सील करने की मांग रखी।

जूली ने राज्यपाल से भेंट के बाद



कहा कि स्पीकर के निर्देश पर सदन में दो अतिरिक्त 'स्पाई कैमरे' लगाए गए हैं, जिनका एक्सेस केवल स्पीकर के पास है। उन्होंने दावा किया कि इन कैमरों का पूरा सिस्टम स्पीकर के रेस्ट रूम में लगा है और इन्हीं के जरिए विपक्ष की गोपनीय रणनीतियां पहले से लीक हो रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सदन में लाइव टेलीकास्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले कैमरों का एक्सेस सार्वजनिक है, लेकिन जासूसी के आरोप झेल रहे दो कैमरे केवल कुछ लोगों के नियंत्रण में हैं।



÷बुधवार को मैंने सदन में कहा था कि कार्यवाही 15 मिनट के लिए रोक दें, मैं खुद दिखा दूंगा कि पूरा नेटवर्क कहां से चल रहा है। अगर हिम्मत थी तो वे कल ही हमें झूठा साबित कर देते, जूली ने कहा।

जूली ने यह भी खुलासा किया कि हाल ही में विधानसभा में कैमरे बदलने पर 1.09 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि दो विशेष ऑडियो रिकॉर्डिंग वाले कैमरे 18.46 लाख रुपये में खरीदे गए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के टेंडर डॉक्यूमेंट का हवाला देते हुए कहा कि इन कैमरों में ऑडियो रिकॉर्डिंग की सुविधा स्पष्ट रूप से दर्ज है।

वहीं, स्पीकर और सरकारी मुख्य सचेतक ने विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए कहा था कि दोनों कैमरों में ऑडियो रिकॉर्डिंग की कोई क्षमता नहीं है। लेकिन जूली द्वारा टेंडर दस्तावेज़ का हवाला देने के बाद यह विवाद और तेज हो गया है। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की विस्तृत जांच करवाई जाएगी, जिसमें कैमरों की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और एक्सेस से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल होगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।